दिनांक : 09.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

शुभेंदु अधिकारी–शपथ

भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यपाल आर एन रवि ने मुख्यमंत्री के साथ पांच मंत्रियों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों में दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, निशीथ प्रमाणिक और खुदिराम टुडू शामिल हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ–साथ कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे।

पीएम-गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। दौरे के दूसरे दिन श्री मोदी सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित **सोमनाथ अमृत महोत्सव** में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर सोमनाथ की समृद्ध विरासत और आध्यात्मिक महत्व पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री वडोदरा भी जाएंगे, जहां वे सरदारधाम छात्रावास का उद्घाटन करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री सरदारधाम परिसर का दौरा भी करेंगे।

सिंधिया–रखेंगे आधारशिला

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल अपने संसदीय क्षेत्र गुना का दौरा करेंगे। इस दौरान, वे अडानी सीमेंट प्लांट की आधारशिला रखेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। यह ग्वालियर–चंबल क्षेत्र का पहला सीमेंट प्लांट होगा।

इस कार्यक्रम के दौरान एक विभागीय प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लोगों को लाभ वितरित किए जाएंगे। इस दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत

देशभर में आज इस साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत आयोजित हो रही है। इसमें बिजली बिल, जल कर और संपत्ति कर के अधिभार पर 100 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। लोक अदालत में संपत्ति विवाद, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना मुआवजा, भरण–पोषण और वैवाहिक विवाद जैसे मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जा रहा है।

वहीं रायसेन जिले मे **जिला एवं सत्र न्यायाधीश **अनिल कुमार सोहने** के निर्देशन में आयोजित इस अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल, पारिवारिक विवाद और चेक बाउंस जैसे राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया गया।**

मौसम

प्रदेश में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। प्रदेश में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के कारण कई इलाकों में आंधी और बारिश का असर बना हुआ है। आज के लिए 13 जिलों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार आज नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सीधी और सिंगरौली जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'वीर शिरोमणि' महाराणा प्रताप और महान समाज सुधारक , शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी स्व. गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती पर उन्हें नमन किया है।
- आगरमालवा जिला जेल एवं वृद्धाश्रम में कल आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में वृद्धजनों कों स्वास्थ्य, पेंशन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु प्रेरित किया गया।
- जबलपुर में जिला अस्पताल विक्टोरिया और सरकारी संस्था पार्थ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व थैलीसीमिया दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कल 10 मई को नीमच में कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगी।